## एक नजर में

### सैमसंग गैलेक्सी एल26 अल्ट्रा को 'बेस्ट इन शो' अवॉर्ड

**इंदौर.** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज घोषणा की है कि उसके फ्लैगशिप स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा को ग्लोबल मोबाइल अवार्ड्स में 'बेस्ट इन शो' के सम्मान से नवाज़ा गया है. यह पुरस्कार बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 के दौरान दिया गया. मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस बेस्ट इन शो 2026 के जूरी चेयरमैन शॉन कॉलिन्स ने कहा इस साल की प्रतियोगिता बेहद कड़ी थी. सैमसंग गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा मोबाइल तकनीक की सीमाओं को आगे बढ़ाने और वास्तविक जीवन में उपयोगी समाधान पेश करने के कारण सबसे अलग रहा. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस की ईवीपी और हेड ऑफ मोबाइल मार्केटिंग सेंटर, स्टेफ़नी चोई ने कहा, गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा को इस वर्ष के ग्लोबल मोबाइल अवार्ड्स में 'बेस्ट इन शो' के रूप में सम्मानित किया जाना हमारे लिए गर्व की बात है.

### अधिकांश महिलाएं लेती हैं स्वतंत्र निवेश निर्णय

**इंदौर.** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने यूगोव के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी विनवेस्टर पल्स 2025-26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है. महिलाएं अपने वित्तीय निर्णयों की ज़िम्मेदारी का प्रभार तेज़ी-से ले रही हैं, यहाँ तक कि निवेशक के आत्मविश्वास और संरचित वित्तीय योजना के बीच एक चौड़ी खाई उभर रही है. अब अधिकांश महिलाएँ (56%) कहती हैं कि वे 2022 में 44% से तेज़ी-से निवेश निर्णय करती हैं, जो अध्ययन में दर्ज सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन है. डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड की अध्यक्ष अदिति कोठारी देसाई ने कहा पिछले कुछ वर्षों में, हमने भारतीय महिलाओं को अपनी वित्तीय यात्रा में भागीदारी से स्वामित्व की ओर बढ़ते हुए देखा है. विनवेस्टर पल्स के इस संस्करण में जो बात अलग है वह न केवल स्वतंत्र निर्णय करने में वृद्धि है, बल्कि सूचित स्वतंत्रता में भी वृद्धि है.

### महिलाएं कम उम्र में खुद खरीद रहीं हेल्थ इंश्योरेंस

**इंदौर.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने अपने पॉलिसीहोल्डर और क्लेम डेटा के आधार पर कुछ अहम जानकारियाँ साझा की हैं, जो यह दिखाती हैं कि भारत में महिलाएँ स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर किस तरह अपना दृष्टिकोण बदल रही हैं. इस विश्लेषण के मुताबिक महिलाएँ अब कम उम्र में ही हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने लगी हैं और स्वास्थ्य से जुड़े वित्तीय फैसलों में भी पहले से ज्यादा सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यह बदलाव खास तौर पर नॉन-मेट्रो मार्किट में ज्यादा दिखाई दे रहा है, जहाँ महिलाओं के बीच हेल्थ इंश्योरेंस के प्रति जागरूकता और इसे अपनाने की दर लगातार बढ़ रही है. पिछले कुछ वर्षों में हेल्थ इंश्योरेंस लेने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी लगातार बढ़ी है, जो यह संकेत देती है कि महिलाओं में स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है.

### भक्तों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



**इंदौर.** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर पर महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ. समापन प्रसाद वितरण से किया गया.

### एम बैंकिंग ने 30 हजार महिला ग्राहकों को जोड़ा

**इंदौर.** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है. बैंक के महिलाओं के लिए बनाए गए कार्यक्रम 'एम' ने नवंबर 2025 में लॉन्च होने के बाद से 30,000 से अधिक महिला ग्राहकों को जोड़ लिया है, जो भारत में औपचारिक और डिजिटल-प्रथम बैंकिंग में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है. एम उन गृहणियों और स्वयं-रोज़गार वाली महिलाओं के बीच तेजी से अपनाया जा रहा है, जो ऐतिहासिक रूप से औपचारिक वित्तीय प्रणाली में कम प्रतिनिधित्व रखती थीं, लेकिन अब अधिक वित्तीय अनुशासन और गहरे जुड़ाव का प्रदर्शन कर रही हैं. उत्तम तिब्रेवाल, ईडी एवं डिप्टी सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा आज भारत की महिलाएँ बैंकिंग को अधिक रणनीतिक और सशक्त तरीके से अपना रही हैं. 'एम' के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हम महिलाओं की रोजमर्रा की वित्तीय यात्राओं को ऐसे समाधानों से समर्थित करें जो स्वतंत्रता और दीर्घकालिक वेलबिंग को मजबूत करें.

### वीआईटी भोपाल ने चलाया सामाजिक सेवा अभियान

**इंदौर.** देशभर में होली के उत्सव के बीच वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने सामाजिक सेवा की पहल करते हुए मध्य प्रदेश के कई जिलों में जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण अभियान चलाया. विश्वविद्यालय प्रशासन ने भोपाल, इंदौर, आष्टा, सीहोर और उज्जैन में जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुँचाया. यह पहल वीआईटी भोपाल की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट सुश्री कादम्बरी एस विश्वनाथन के मार्गदर्शन में की गई, जो देशभर में विश्वविद्यालय की सामाजिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रही हैं. विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने विभिन्न शहरों में अन्नदान अभियान का समन्वय किया, ताकि होली की खुशी केवल परिसर तक सीमित न रहकर समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँच सके. विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा हैं. इस कार्यक्रम ने स्थानीय समुदायों के साथ सीधे संवाद और सहयोग का अवसर प्रदान किया.

### जेनेराली सेंट्रल इंश्योरेंस की गंभीर पहल

**इंदौर.** जेनेराली सेंट्रल इंश्योरेंस ने अपने नए और साहसी अभियान 'हैप्पी विमेंस पे' के लॉन्च की घोषणा की. इस पहल के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की भावना का वास्तविक सम्मान का तरीका है महिला व पुरुष कर्मचारियों के लिए एक समान वेतन. यह पहल पारंपरिक अभिवादन को नए तरीके से पेश करती है, और वेतन में समानता को कॉर्पोरेट जवाबदेही के केंद्र में रखती है. इस पहल के बारे में जेनेराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अनुप राउ ने कहा सस्टेनेबल बिज़नेस हर स्टेकहोल्डर- कर्मचारी, ग्राहक, साझेदार और शेयरधारक- के लिए निष्पक्षता और भरोसे पर निर्मित होते हैं. एक समान काम के लिए एक समान वेतन कोई आकांक्षा नहीं होनी चाहिए; यह सामान्य नियम होना चाहिए. जब संगठन इसे सही तरीके से करते हैं, तो वे सिर्फ समानता के मुद्दे को ही हल नहीं करते, बल्कि वे कार्यस्थल के भीतर और बाहर भी मज़बूत टीम और ज्यादा भरोसा निर्मित करते हैं.

### हंगामा ओटीटी लेकर आए हैं बेगम ऑफ क्राइम

**इंदौर.** हंगामा ओटीटी ने अपनी नई ओरिजिनल सीरीज बेगम ऑफ क्राइम को लॉन्च किया. यह सीरीज महत्वाकांक्षा, सर्वाइवल और ताकत की कीमत की एक रोमांचक कहानी पेश करती है, जो क्राइम थ्रिलर जॉनर में नया स्तर तय करती है. बेगम ऑफ क्राइम महत्वाकांक्षा की सायकोलॉजी, सम्मान पाने की बेचैनी और एम्पावरमेंट व डिस्ट्रक्शन के बीच की पतली रेखा को गहराई से दिखाती है. कहानी दिव्या के इर्द गिर्द घूमती है, जिसका किरदार सना मकबूल ने निभाया है. दिव्या पारंपरिक हीरोइन की छवि को तोड़ देती है. वह फियर्स, फ्लॉड और बिना माफी मांगे अपने लक्ष्य के पीछे भागने वाली है. वह अपने घर की सुरक्षित दुनिया छोड़ देती है, सिर्फ एक गोल के साथ, अपनी शर्तों पर जिंदगी बनाने के लिए. हर सेटबैक उसके इरादों को और मजबूत करता है. जो शुरुआत में सिर्फ जिंदा रहने की लड़ाई थी, वह धीरे धीरे कुछ ज्यादा खतरनाक रूप ले लेती है.

### राजपूताना स्टेनलेस का मेगा आईपीओ 9 मार्च से खुलेगा

**इंदौर.** स्टेनलेस-स्टील मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तीन दशकों से ज़्यादा के अनुभव वाली एक लीडिंग कंपनी, राजपुताना स्टेनलेस लिमिटेड ने ऑफिशियली अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग की घोषणा की है. कंपनी का लक्ष्य इस आईपीओ के ज़रिए कैपिटल मार्केट से लगभग 254.98 करोड़ रुपए जुटाना है. राजपुताना स्टेनलेस का आईपीओ 9 मार्च को इन्वेस्टमेंट के लिए खुलेगा और 11 मार्च को बंद होगा. कंपनी ने हर शेयर के लिए 116 से 122 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है. इन्वेस्टर कम से कम 110 शेयरों के लॉट और उसके मल्टीपल में अप्लाई कर सकते हैं. रिटेल इन्वेस्टर के लिए, ऊपर दिए गए प्राइस बैंड के हिसाब से कम से कम 13,420 रुपए का इन्वेस्टमेंट करना होगा. शेयरों का अलॉटमेंट 12 मार्च को पूरा होने की उम्मीद है और बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग 16 मार्च, 2026 को होने की संभावना है.

### एमेजॉन ने नीति डेकोर्स को बढ़ाने में मदद की

**इंदौर.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एमेज़ॉन इंडिया उन महिला उद्यमियों को नमन कर रहा है, जो एक उद्देश्य के साथ अपने ब्रांड का निर्माण कर रही हैं और उसे ई-कॉमर्स के माध्यम से पूरे देश के ग्राहकों तक पहुँचा रही हैं. डिजिटल मार्केटप्लेस, लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास के टूल्स की मदद से एमेज़ॉन महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को स्थानीय बाजार से आगे बढ़ने और पूरे भारत के ग्राहकों तक पहुँचने में मदद करता है. ऐसा ही एक ब्रांड है नीति डेकोर. यह आर्ट वेंचर फ्रेम्ड पोस्टर बनाता है, जो लिविंग स्पेस को एक व्यक्तित्व और प्रेरणा प्रदान करते हैं. फाउंडर ने कहा एमेज़ॉन ने नीति डेकोर्स को स्थानीय बाजार से आगे बढ़कर पूरे भारत के ग्राहकों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. लोग जब होम डेकोर के लिए सर्च करते हैं, तो उन्हें हमारे डिज़ाईन दिखाई देते हैं, खासकर महिला दिवस के अवसर पर लोग अपने घरों के लिए प्रेरणाप्रद या विचारशील गिफ्ट तलाशते हैं.

# सात दशक में कड़ाव से मिसाइल तक पहुंची गेर

- 200 फीट ऊपर तक उड़ेंगे रंग,
- 8 हजार किलो टेसू के गुलाल से बनेगा तिरंगा



नवभारत न्यूज

**इन्दौर. इंदौर में रंगपंचमी का पारंपरिक उत्सव इस बार भी भव्यता के साथ मनाया जाएगा. रविवार को निकलने वाली ऐतिहासिक गेर में आधुनिक तकनीक का रंग दिखाई देगा. कभी बैलगाड़ी पर रखे कड़ाव से लोगों को भिगोने की परंपरा अब रंग उड़ाने वाली मिसाइलों तक पहुंच चुकी है. गेर में लाखों लोग शामिल होंगे और राजवाड़ा सहित आसपास के करीब 5-6 किलोमीटर क्षेत्र में रंग, गुलाल और पानी की बौछारें होंगी.**

पिछले तीन से चार वर्षों से गेर देखने आने वाले लोगों की संख्या 5 लाख से अधिक रही है. इसे देश के सबसे बड़े रंगोत्सवों में गिना जाता है. इस बार भी लाखों लीटर पानी और हजारों किलो गुलाल उड़ाने की तैयारी है. राजवाड़ा पर 8 हजार किलो टेसू के फूलों से बने गुलाल से तिरंगा बनाया जाएगा.

**टोरी कॉर्नर से शुरू होगी** -गेर की शुरुआत टोरी कॉर्नर चौराहे से होगी। यहां से गेर गोराकुंड चौराहा, खजूरी बाजार होते हुए राजवाड़ा पहुंचेगी. इसके बाद राजवाड़ा से घूमकर सराफा और शीतलामाता बाजार से होते हुए अपने-अपने गंतव्य तक जाएगी. शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली गेर और फाग यात्राएं पूरे शहर को रंगों से सराबोर करेंगी.

**संगम कॉर्नर की 76वीं गेर में लट्ठमार होली और रासलीला**- संगम कॉर्नर की 76वीं सामाजिक समरसता गेर में बरसाना की प्रसिद्ध लट्ठमार होली का मंचन किया जाएगा. इसके साथ ही राधा-कृष्ण की रासलीला भी प्रस्तुत की जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति की भागीदारी रहेगी.

**मॉरल क्लब और टोरी कॉर्नर में डीजे और ढोल की धूम**-मॉरल क्लब समिति की गेर में 15 ब्लोअर मशीनें, 6 डीजे गाड़ियां, एक बड़ी बोरिंग मशीन और 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां शामिल होंगी. 51 ढोलों की थाप पर युवाओं की टोली नाचते हुए आगे बढ़ेगी. वहीं टोरी कॉर्नर रंगपंचमी महोत्सव समिति की गेर में तीन पानी के टैंकरों पर मिसाइलें लगाई जाएंगी. एक बोरिंग मशीन से गुलाल उड़ाया जाएगा और फाग मशीन से फाग उड़ाई जाएगी.

**मिसाइल से गुलाल और गुलाब की पंखुड़ियां उड़ेंगी** -गेर में आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया जाएगा. मिसाइल से सुगंधित गुलाल उड़ाया जाएगा, जबकि एक अन्य मिसाइल से गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश होगी. रंग और पानी करीब 200 फीट ऊंचाई तक उड़ाए जाएंगे. देशभक्ति गीतों पर युवा भांगड़ा करते हुए आगे बढ़ेंगे और बांके बिहारी का ढोल भी आकर्षण का केंद्र रहेगा.

**28वें वर्ष में पहुंचेगी सबसे बड़ी फाग यात्रा**-नृसिंह बाजार स्थित बद्रीनारायण मंदिर से निकलने वाली प्रदेश की सबसे बड़ी धार्मिक-सांस्कृतिक फागयात्रा का यह 28वां वर्ष है. यात्रा में महाकाल मंदिर की प्रतिकृति, विशाल नंदी पर सवार महादेव की झांकी और भजन मंडलियां शामिल होंगी.

**दूसरी पीढ़ी संभाल रही आयोजन की जिम्मेदारी**-गेर आयोजक कमलेश खंडेलवाल के अनुसार, उनके पिता प्रेमस्वरूप खंडेलवाल, बाबूलाल गिरी और सत्यनारायण सत्तन ने इंदौर में गेर की परंपरा की नींव रखी थी. उस समय गेर बैलगाड़ी से निकलती थी, जो अब आधुनिक रूप ले चुकी है. आज गेर का संचालन दूसरी पीढ़ी कर रही है और यह आयोजन देशभर में अपनी अलग पहचान बना चुका है.

**कलेक्टर ने किया गेर मार्ग का निरीक्षण**-गेर मार्ग पर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा ने मल्हारगंज मेट्रो स्टेशन के लिए लगाई चद्दरों की बेरिकेटिंग पीछे करने के निर्देश मेट्रो अधिकारियों को दिए, ताकि गेर निकलने में धक्का मुक्की नहीं और भीड़ पर नियंत्रण करने सहायता मिल सके। गेर के बाद वापस मेट्रो स्टेशन के लिए पूर्ववत बेरिकेटिंग की जा सकेगी।

### कड़ाव से शुरू हुई परंपरा

इतिहासकारों के अनुसार 1947 से पहले रंगपंचमी के दिन राजवाड़ा के पास पुराने फायर ब्रिगेड (जिसे लाय बम्बा कहा जाता है) से लोगों पर पानी डाला जाता था. 1950-60 के दशक में टोरी कॉर्नर क्षेत्र में कड़ाव में साबुन का पानी भरकर लोगों को भिगोने की परंपरा शुरू हुई. बाद में बैलगाड़ी पर कड़ाव रखकर गेर निकाली जाने लगी. 1970 और 1980 के दशक में छोटे लोडिंग वाहनों में रंग और पानी के ड्रम रखे जाने लगे. 1990 के दशक में टैंकर और म्यूजिक का चलन शुरू हुआ और 2000 के दशक में रंग उड़ाने वाली मिसाइलों का उपयोग शुरू हो गया.

### पांच स्थानों से निकलेंगी गेर...

शहर में इस बार पांच प्रमुख स्थानों से गेर निकलेगी. गैर टोरी कॉर्नर, नगर निगम, मॉरल क्लब, फाग यात्रा और संगम कॉर्नर (संस्था सृजन). इन सभी गेरों में डीजे, ढोल-ताशे, झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी. रसिया कॉर्नर की गेर कुछ कारणों से नहीं निकल रही है. गेर में धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां भी शामिल होंगी. महाकाल की जटा से गंगाजी के अवतरण की झांकी लोगों को रंगों से सराबोर करेगी. वहीं भगवान श्रीकृष्ण के मोरपंख से उड़ता गुलाल भी विशेष आकर्षण रहेगा.

### 2500 पुलिस जवान तैनात, ड्रोन से हर गतिविधि की निगरानी



रंगपंचमी पर निकलने वाली ऐतिहासिक गेर और फाग यात्राओं को लेकर पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं. शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2500 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए हैं, वहीं गेर मार्ग पर ड्रोन और हाई-रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी. रंगपंचमी के मद्देनजर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने शनिवार को पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह, आर.के. सिंह सहित सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे. गेर और फाग यात्रा के पूरे मार्ग को छह सेक्टरों में विभाजित कर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों की तैनाती की है. पूरे गेर मार्ग पर 12 पुलिस सहायता मंच और 11 वॉच टॉवर बनाए गए हैं, जहां से पुलिसकर्मी पीए सिस्टम, दूरबीन और अन्य संसाधनों के साथ भीड़ और गतिविधियों पर नजर रखेंगे. पुलिस ने पूरे मार्ग पर ड्रोन और हाई-रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क तैयार किया है, जिसकी मॉनिटरिंग केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से की जाएगी. कोई भी गड़बड़ी करने वाले गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों के लिए अस्थायी जेल और जेल वाहन भी तैयार रखे हैं. वहीं महिलाओं से छेड़छाड़, जबरन रंग लगाने और नशे में उत्पात मचाने वालों पर विशेष नजर रखने के लिए महिला पुलिस के विशेष दस्ते और सादी वर्दी में टीमें भी तैनात की गई हैं. बैठक के बाद पुलिस अधिकारियों ने गेर व चल समारोह के मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया.

### हेल्थ विभाग अलर्ट, एम्बुलेंस व 40 डॉक्टर-नर्स रहेंगे तैनात

रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष चिकित्सा व्यवस्था की है. गेर मार्ग पर 2 एडवांस लाइफ सपोर्ट और 1 बेसिक लाइफ सपोर्ट सहित कुल 10 एम्बुलेंस तथा करीब 40 डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ तैनात रहेंगे. सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि सुबह 9 बजे से गेर समाप्त होने तक टोरी कॉर्नर, गोराकुंड चौराहा, सुभाष चौक (खजूरी बाजार), अन्नापूर्ण भंडार राजबाड़ा, एसबीआई बैंक, इमामबाड़ा, एमजी रोड थाना, नरसिंह बाजार चौराहा, बजाज खाना चौक और जवाहर मार्ग सहित 10 हॉटस्पॉट पर मेडिकल टीमें एम्बुलेंस के साथ मौजूद रहेंगी. प्रत्येक एम्बुलेंस में एक डॉक्टर और दो नर्सिंग स्टाफ तैनात रहेगा. इस दौरान किसी भी आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए हेल्थ विभाग के प्रोटोकॉल अधिकारी विवेक बंसोड़ को नियुक्त किया है.

# इंदौर की हवाई कनेक्टिविटी मजबूत करने पर जोर

- एयरलाइंस अधिकारियों के साथ सांसद लालवानी की बैठक



नवभारत न्यूज

**इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर हवाई सेवाओं की स्थिति, नई उड़ानों के संचालन और विमानों की संख्या बढ़ाने को लेकर सांसद शंकर लालवानी ने विमान कंपनियों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की. बैठक में कुछ उड़ानों में संभावित कमी और नई सेवाएं शुरू करने के विषय पर भी चर्चा की गई.**

सांसद लालवानी ने स्पष्ट कहा कि इंदौर देश के तेजी से विकसित हो रहे शहरों में शामिल है, इसलिए किसी भी स्थिति में एयरलाइंस कंपनियां यहां से अपने संचालन में कटौती न करें. उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियों को देखते हुए देश के प्रमुख शहरों के लिए अधिक उड़ानों का संचालन आवश्यक है. बैठक के दौरान सांसद ने विभिन्न एयरलाइंस प्रतिनिधियों से इंदौर से नई विमान सेवाएं शुरू करने और मौजूदा उड़ानों की संख्या बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की. उन्होंने कहा कि बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से इंदौर सहित पूरे मालवा-निमाड़ क्षेत्र के व्यापार, उद्योग, पर्यटन और निवेश को नई गति मिलेगी. बैठक में एयरपोर्ट प्रबंधक सुनील मग्गीरवाल सहित विभिन्न विमान कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे. इनमें इंडिगो से विपिन शर्मा, एयर इंडिया से विनेश वाधवानी, एयर इंडिया एक्सप्रेस से दीपक भाटिया तथा बंटी गोयल सहित अन्य अधिकारी शामिल थे.

### यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी

सांसद ने अधिकारियों से इंदौर से देश के प्रमुख महानगरों और उभरते शहरों के लिए नई उड़ानों की संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य करने का आग्रह किया. बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि एयरपोर्ट प्रबंधन और विमान कंपनियां आपसी समन्वय से इंदौर की हवाई कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगी. सांसद ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इंदौर से देश के विभिन्न शहरों के लिए हवाई सेवाओं में विस्तार होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी.



# युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया प्रेरित

- विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

इंदौर, शनिवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ऑडिटोरियम में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एन एस एस आईईटी डीएवीवी द्वारा मेरा युवा भारत इंदौर के सहयोग से किया गया.

प्रतियोगिता का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख रहा.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश एस. मोध रहे. इस अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन विभागाध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा, मेरा युवा भारत इंदौर के उपनिदेशक पंकज गोस्वामी तथा एनएसएस निदेशालय भोपाल के युवा अधिकारी राजकुमार वर्मा उपस्थित रहे. कुलगुरु प्रो. सिंघई ने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया.

### प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

प्रतियोगिता में सजल जैन प्रथम, सार्थक सिंह चौहान द्वितीय, गौरांगी मेहता तृतीय, संस्कृति शर्मा चतुर्थ तथा आदित्य प्रताप सिंह पंचम रहे. ये सभी प्रतिभागी मध्य प्रदेश विधानसभा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे. प्रतियोगिता का मूल्यांकन विजय यादव, गीता तनेजा, डॉ. सत्यम सम्राट आचार्य, रजनी शर्मा एवं लेफ्टिनेंट नीलम शर्मा ने किया. कार्यक्रम के सफल संचालन में इनएसएस का योगदान रहा। अंत में एनएसएस प्रभारी जिला संगठक इंदौर व कार्यक्रम अधिकारी तपेश सरसोदिया ने आभार व्यक्त किया.

# निर्देशक के विजन पर भरोसा किरदार को बनाता है प्रभावी



**इंदौर.** इंटरनेशनल वुमंस डे की पूर्व संध्या पर शहर में फिल्म 'पिंच' की खास स्क्रीनिंग के दौरान कलाकारों ने सिनेमा, संवेदनशील मुद्दों और बदलते कंटेंट पर खुलकर बात की. कार्यक्रम का आयोजन संस्था ज्वाला की ओर से किया गया.

पंचायत और गुल्लक फेम सुनीता राजवर का कहना है कि एक अभिनेता का असली काम तभी सामने आता है जब वह खुद को पूरी तरह लेखक और निर्देशक के विजन के हवाले कर देता है. यही भरोसा किसी किरदार को सच्चा और प्रभावी बनाता है. उन्होंने कहा कि आज के युवा राइटर और डायरेक्टर काफी बोल्ड तरीके से समाज के मुद्दों को सामने ला रहे हैं. फिल्म की लेखक, डायरेक्टर और मुख्य कलाकार उत्तरा सिंह ने कहा कि इस फिल्म को इंदौर और मध्यप्रदेश के ही कुछ हिस्सों में फिल्माया गया है. जब बचपन में हम नानाजी के घर जाते थे तो वे हमें मजेदार कहानियां सुनाते थे बचपन की इन्हीं कहानियों के इर्द-गिर्द मैंने इस गंभीर मसले को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की है. यह समाज को पिंच करने की तरह है ताकि वे लोग जागे और आमतौर पर नजर अंदाज़ कर दिए जाने वाले इन मुद्दों पर आवाज उठाएं. टीवीएफ से जुड़े अभिनेता बद्री चव्हाण ने कहा कि आज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जो कंटेंट दर्शक देख रहे हैं, उसमें नए लेखक अपनी जिंदगी और अनुभवों की कहानियां सामने ला रहे हैं. यही वजह है कि दर्शकों को इन कहानियों से जुड़ाव महसूस होता है. ज्वाला संस्था की संस्थापक डॉ दिव्या गुप्ता ने कहा कि इस तरह की फ़िल्में हमें न सिर्फ समाज का आइना दिखाती है बल्कि प्रेरित भी करती हैं कि हम इन परिस्थितियों को बदलने के लिए काम करें.

**एक नजर में** | स्वच्छता नवाचार की दिशा में रंग दे बैकलेन का आयोजन

# जिस बैकलेन में होता था रोग, वहां हो रहा है योग : महापौर





नव भारत न्यूज

**इंदौर. स्वच्छता में देश के नंबर वन इंदौर शहर में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं. आज इसी क्रम में नागरिकों एवं रहवासी संगठनों के सहयोग से शहर की बैकलेन को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा 'रंग दे बैकलेन' का आयोजन किया गया.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहर में स्वच्छता के नवाचारों को निरंतर बढ़ावा देने की योजना चलाई जा रही है. इसी कड़ी में आज सुबह 8 बजे से नगर निगम के सभी झोन क्षेत्रों में जनसहयोग एवं जनसहभागिता से विकसित 21 बैकलेन में 'रंग दे बैकलेन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके तहत विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों द्वारा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है. निगम झोन 21, वार्ड 80 के साई निकेतन अपार्टमेंट के पास दुर्गा भोजनालय धनवंतरी नगर बैकलेन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं पार्षद प्रशांत बड़वे ने योगा किया. उक्त बैकलेन जनसहयोग से विकसित की गई, जिसमें योग अभ्यास, क्रिकेट मैच, वॉल पेंटिंग सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. इस मौके पर अपर आयुक्त प्रखर सिंह, श्रृंगार श्रीवास्तव, एनजीओ संस्था टीम के बेसिक्स प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे.

### रहवासियों की सक्रियता का परिणाण

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि बैकलेन में पहले कचरा और गंदगी के कारण शिकायतें मिलती थीं, आज उसी स्थान पर योग, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां हो रही हैं. यह शहर के रहवासियों की सक्रियता का परिणाम है. उन्होंने कहा कि स्वच्छता को बनाए रखने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं. नगर निगम द्वारा हर वर्ष लगभग 50 नई बैकलेन का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है. बैकलेन का उपयोग नागरिकों द्वारा घूमने-फिरने, खेलने, योग अभ्यास और सामुदायिक गतिविधि के लिए किया जा रहा है.